**प्रेस नोट**

**दिनांक 25.07.2025**

**समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के दृष्टिगत थाना सुमेरपुर क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केंद्रों का श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण।**

आज दिनांक 25.07.2025 को श्रीमान जिलाधिकारी जनपद हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना सुमेरपुर क्षेत्र अंतर्गत समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा की दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, निगरानी व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुगम एवं शांतिपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया तथा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को निष्पक्ष, सतर्क एवं संवेदनशील रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही केंद्र प्रभारियों से संवाद कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई एवं यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परीक्षा समस्त केंद्रों पर शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।